**विधान परिषद के द्वितीय सत्र, 2025 के प्रथम गुरूवार हेतु निर्धारित श्री मुकुल यादव, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-11 का उत्तर।**

-----------------------------------------------------------------------------------

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 11(क) | क्या उप मुख्य मंत्री (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) बतायेंगे कि जनपद-इटावा के ग्राम पंचायत हेवरा में सरकारी अस्पताल कब से है तथा इस समय ग्राम पंचायत से अस्पताल की दूरी कितनी है ? | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हेवरा वर्ष 2007-08 में जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध करायी गयी ग्राम पंचायत राय नगर की भूमि पर निर्मित है, जिसकी दूरी ग्राम पंचायत हेवरा से 4.5 कि0मी0 है। |
| (ख) | यदि कोई अस्पताल नहीं है तो क्या ग्राम पंचायत हेवरा में अस्पताल स्थापित करायेंगे ? | जी नहीं। |
| (ग) | यदि नहीं, तो क्यों? | मानक के शासनादेश संख्या-305/पॉच-6-2015-एस0एन0डी0-50/08, दिनांक 11.02.2014 के अनुसार एक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र से दूसरे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की न्यूनतम दूरी 05 कि0मी0 निर्धारित है।<br>इसके अतिरिक्त शासनादेश दिनांक 06.05.2017 के अनुसार प्रदेश में चिकित्सकीय/पैरामेडिकल स्टाफ की कमी के दृष्टिगत विभाग द्वारा नये चिकित्सालयों की स्थापना की प्राथमिकता निर्धारित न किये जाने तथा निर्मित/निर्माणाधीन चिकित्सालयों को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु आवश्यक मानव/वित्तीय संसाधनों की अभिवृद्धि हेतु समुचित कार्यवाही करने की प्राथमिकता निर्धारित की गयी है। |

**ब्रजेश पाठक**
उप मुख्यमंत्री।